आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने की दी मंजूरी–योजना के तहत अब तक 8 करोड़ 66 लाख लाभार्थी पंजीकृत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सुलह विधानसभा क्षेत्र में करेंगे करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–अपने ही कुप्रबंधन के बोझ से गिरेगी प्रदेश सरकार।
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आज से मौसम के बदलने की जताई संभावना–ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का जताया पूर्वानुमान।

अटल पेंशन योजना

केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक विस्तार दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया है। इस योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय की सुरक्षा प्रदान करना था। योजना के तहत देशभर में अब तक 8 करोड़ 66 लाख लोग पंजीकृत हुए हैं। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, जो लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पालमपुर क्षेत्र के सुलह विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसी बीच मुख्यमंत्री ने कहा है कि आर्थिक तंगी के बावजूद भी कांगड़ा जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है जबकि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर प्रदेश की आर्थिक स्थिति की मजबूत करने का प्रयास किया है।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सभी जिला उपायुक्तों को अपने–अपने जिला में सभी विभागों के साथ बैठक आयोजित कर 31 मार्च तक उपयोग में नहीं लाई गई व खाली पड़ी भूमि का ब्यौरा देने के निर्देश दिए हैं। शिमला में मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने नायब–तहसीलदार और तहसीलदारों को छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के निर्देश भी दिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि निशानदेही के मामलों के लिए दो माह का समय और दुरूस्ती के मामलों के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया है। सभी जिला उपायुक्तों ने वर्चअल माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

विशेष स्टोरी

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम कोयला मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

<u>जयराम ठाकुर</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि यह सरकार किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि अपने ही कुप्रबंधन के बोझ से गिर जाएगी। धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है जो संस्थान खोलने के बजाय उन्हें बंद करने का रिकॉर्ड बना चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में केवल 19 हजार करोड़ का ऋण लिया था, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार ने मात्र 3 साल के भीतर प्रदेश पर 40 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज बोझ चढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के विकास के बजाय केवल मुख्यमंत्री की मित्र मंडली के घर भरे जा रहे हैं।

<u>सरकार – सुकन्या</u>

केन्द्र सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत चार करोड़ 53 लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें जमा राशि तीन लाख 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी....

<u>सुकन्या समृद्धि योजना केंद्र सरकार की लघु बचत योजना है जिसकी शुरूआत वर्ष 2015 में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की गई थी। योजना में बालिका के जन्म से दस वर्ष की</u>

आयु तक खाता खोला जा सकता है। इस छोटी बचत योजना के तहत 8 दशमलव 2 प्रतिशत की ब्याज दर है। योजना का उद्देश्य माता–पिता या कानूनी अभिभावक अपनी बेटी के लिए अधिकृत बैंक या डाकघर में खाता खोल सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना लाखों बालिकाओं के लिए आशा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई है। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।.

राजेश धर्माणी

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि घुमारवीं में पहली बार राष्ट्रीय अंडर–19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। घुमारवीं में प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि एक से पांच फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 40 टीमें भाग लेंगी। उन्होंने प्रतियोगिता को लेकर सभी विभागों को आपसी तालमेल से आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज रात से व्यापक वर्षा और उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने 23 जनवरी को ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और लाहौल स्पीति में भारी बारिश व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने शिमला से रिकांगपिओ, भुंतर व चंडीगढ़ के लिए हेली टैक्सी शुरू होने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की एक खबर है हिमाचल में बनीं बीपी, बैक्टीरियल संक्रमण, अल्सर समेत 50 दवाओं के सैंपल फेल। दैनिक जागरण के अनुसार मानकों पर खरी नहीं उतरीं 35 कफ सीरप सहित 174 दवाएं।

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है प्रदेश में पहली बार बनेगी पोषण नीति, लोगों में पोषक तत्वों के प्रति बढ़ेगी जागरूकता। दिव्य हिमाचल लिखता है अब जानलेवा कैंसर से लड़ेगा हिमाचल।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है रियल एस्टेट सेक्टर के लिए राज्य सरकार बनाएगी मॉनिटरिंग कमिटी।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने की दी मंजूरी–योजना के तहत अब तक 8 करोड़ 66 लाख लाभार्थी पंजीकृत।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सुलह विधानसभा क्षेत्र में करेंगे करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–अपने ही कुप्रबंधन के बोझ से गिरेगी प्रदेश सरकार।

- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आज से मौसम के बदलने की जताई संभावना–ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का जताया पूर्वानुमान।